>

Title: Need to provide yarn at affordable price to handloom & powerloom industries in Ambedkar Nagar, Uttar Pradesh.

डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद): जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) एक बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है, जहां के बुनकरों का पुश्तैनी कारोबार कपड़ा है, जिससे लाखों बुनकर परिवारों की रोजी रोटी जुड़ी हुई है। विगत एक वर्ष में सूती व सिन्थेटिक धागों में हो रही लगातार मूल्यवृद्धि से जनपद के बुनकरों का पावरलूम, हथकरघा बंदी के कगार पर पहुंच गया है। बाजार में सूत व सभी प्रकार के धागों का कृत्रिम अभाव पैदा कर बुनकरों से मनमाना मूल्य लिया जा रहा है। धागों के मूल्य प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। स्थिति यह आ गई है कि बुनकर अपना पावरलूम बंद कर दूसरे स्थानों पर आजीविका के लिए पलायन कर रहा है।

यह स्थिति तब है जबकि केन्द्र सरकार द्वारा कोई टैक्स इस मद पर नहीं बढ़ाया गया है। समस्या के समाधान के लिए सरकार रूई का निर्यात तत्काल बंद करें। रूई का भी समर्थन मूल्य घोषित हो। अन्य फसलों की तरह सरकार सरकारी डिपो खोलकर बुनकरों को सस्ते दामों पर सूत, धागे की उपलब्धता सुनिश्चित करें।